## न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट) बांसवाड़ा (राजस्थान)
## पीठासीन अधिकारी – राजीव द्विवेदी, RAS

प्रकरण संख्या : 45 / 2025
रजिस्ट्रेशन नं. : 2025 / 51

| | | अभियुक्त :– |
|---|---|---|
| राजस्थान राज्य जरिये श्री शशिकांत शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी बॉसवाडा (राज) | बनाम | श्री पंकज कुमार सुराणा पुत्र श्री कांती लाल निवासी दानपुर, छोटी सरवन (विक्रेता / मालिक) मैसर्स संभवनाथ किराणा स्टोर, सदर बाजार दानपुर, छोटी सरवन जिला बांसवाडा (राज.) |

## अपराध अन्तर्गत धारा 26 की उपधारा 2(ii) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011

## निर्णय

दिनांक 11–11–2025

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि **श्री शशिकांत शर्मा** खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बॉसवाडा (राज.) के द्वारा दिनांक **23–07–2025** को यह प्रकरण इस आशय का पेश किया गया कि दिनांक **25–11–2024** को दौराने निरीक्षण 12.15 पी.एम. बजे बाहैसियत खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य पदार्थो की जाँच हेतु **मैसर्स संभवनाथ किराणा स्टोर, सदर बाजार दानपुर, छोटी सरवन जिला बांसवाडा** पर पहुंचा तो वहाँ पर **श्री पंकज कुमार सुराणा पुत्र श्री कांती लाल** मिले **विक्रेता की उपस्थिति में परिसर** का निरीक्षण करने पर खाद्य पदार्थ **घी (श्रीधी) के 12 पैकेट प्रत्येक में 500 एम.एल. रखे हुए थे। जिसको एफ.एस.एस.ए 2006 के तहत देखने पर मानक स्तर का नही होने एवं मिलावट का** शक होने पर विक्रेता को गवाहान की उपस्थिति में फार्म नं.5ए पर सूचना देते हुए **घी (श्रीधी) के 4 पैकेट प्रत्येक 500 एम.एल का** वास्ते नमुना जॉच हेतु खरीदा तथा इनकी कीमत **1080 /– रु.** विक्रेता को नगद चुका कर रसीद प्राप्त की। जिस पर विक्रेता तथा गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक कर स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर किये। नमुना जॉच हेतु खरीदशुदा **घी (श्रीधी) के 500–500 एम.एल के 4 जार के चार नमूना भाग तैयार कर प्रत्येक भाग** पर तैयार किये गये लेबल, जिस पर डी.ओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बॉसवाडा का कोड क्रमांक **W-1988** प्रत्येक नमूना भाग पर चिपकाकर प्रत्येक नमूना भाग

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति.जिला कलक्टर)
बांसवाड़ा (राज.)

Scanned with OKEN Scanner

को धागे से बांध कर नियमानुसार सील चपडी व सील बंद किया गया। प्रत्येक नमूना भाग पर मालिक एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाये। सील बंद नमूनो पर गवाहो के हस्ताक्षर कराकर नमूने का सम्पूर्ण विवरण लिखकर हस्ताक्षर कर चारो नमूना भागो को अपने जाप्ते में लिया। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर मौका फर्द रिर्पोट तैयार कर विक्रेता एवं गवाहान को पढकर, सुनाकर, हस्ताक्षर करने को कहा, जिन्होने स्वयं ने भी पढकर, सुनकर, समझकर एवं सही मानकर हस्ताक्षर किये स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने भी हस्ताक्षर किये।

कार्यालय पहुचकर फार्म नंबर 6 की प्रतियाँ तैयार की प्रत्येक पर सील मोहर कर एक नमूना मय फार्म न. 6 की एक प्रति आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर, दो फार्म न. 6 की प्रति अलग से एक लिफाफा में बन्द कर, चपडी से सील मोहर कर दो सीलबन्द नमूना तथा शेष नमूने का चौथा भाग मय फार्म नं. 6 की प्रतिया आउटर कवर में चपडी से सील बन्द कर, सील मोहर कर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा एवं खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा को जमा करवाया।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक **एफ.एस.एस.ए/2024/451 दिनांक 20–12–2024** एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक **1414 दिनांक 09–12–2024** अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **घी (श्रीधी)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1988** Substandard food under section 3(1)(zx) of food safety and standerds act 2006 पाया गया। उक्त नमुने की पुनः जांच हेतु विक्रेता द्वारा पुनः निर्धारित समयावधि में अपील नही की गयी।

विक्रेता द्वारा **घी (श्रीधी)** का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन किया है जिस पर उक्त अधिनियम की धारा 51 के अन्तर्गत जुर्माने से दण्डित करने निवेदन किया।

प्रकरण दिनांक 25–07–2025 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर आरोपी को जरिये समन तलब किया गया।

दिनांक 11–11–2025 को अप्रार्थी ने उपस्थित होकर जुर्म स्वीकरोक्ति प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर परिवाद में अंकित आरोपो को स्वीकार कर निवेदन किया कि भविष्य में इस प्रकार

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति.जिला कलक्टर)
बांसवाड़ा (राज.)

Scanned with OKEN Scanner

की कोई गलती की पुनरावृति नही की जायेगी नरमी का रुख अपनाते हुए कम से कम जुर्माना लगाये जाने निवेदन किया।

आरोपी की ओर से अपराध स्वीकार किया गया है अतः किसी अन्य साक्ष्य की आवश्यकता प्रतित नही होती है। हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं उस पर मनन किया। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक **एफ.एस.एस.ए/2024/451 दिनांक 20—12—2024** एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक **1414 दिनांक 09—12—2024** अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **घी (श्रीधी)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1988** Substandard food under section 3(1)(zx) of food safety and standerds act 2006 पाया गया है। इस कारण प्रकरण का अंतिम निस्तारण किया जाना हम उचित समझते है।

अतः खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 3(1)(zx) के तहत सब स्टेण्डर्ड पाया गया **घी (श्रीधी)** को विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन होना पाया गया। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम—2006 की धारा 51 में निर्धारित है। अतः आरोपी को दोष सिद्ध घोषित किया जाकर अप्रार्थी **श्री पंकज कुमार सुराणा पुत्र श्री कांती लाल निवासी दानपुर, छोटी सरवन (विक्रेता/मालिक) मैसर्स संभवनाथ किराणा स्टोर, सदर बाजार दानपुर, छोटी सरवन जिला बांसवाडा (राज.) को रूपये 10000/— (अक्षरे दस हजार रुपया मात्र) से दण्डित कर** खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम 2011 के 3.1.2 के बिन्दू संख्या 3 में उल्लेखित आय मद 0210—चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 04—लोक स्वास्थ्य, 800—अन्य प्राप्तियां, (03)—खाद्य सुरक्षा कानून के अन्तर्गत अनुज्ञा—पत्र शुल्क आदि में उक्त जुर्माना राशि तीन दिवस में राजकोष में जमा कराकर चालान की प्रति इस न्यायालय में पेश करने आदेश जारी किये।

निर्णय आज दिनांक 11—11—2025 खुले न्यायालय सुनाया गया।

(राजीव द्विवेदी)
न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति0 जिला मजिस्ट्रेट)
बांसवाड़ा (राज.)

Scanned with OKEN Scanner